भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1920

10 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए

राउरकेला इस्पात संयंत्र का कार्य-निष्पादन

1920. डॉ. अमर पटनायक:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राउरकेला इस्पात संयंत्र के आधुनिकीकरण के लिए अब तक खर्च किए गए बजट का ब्यौरा क्या है;

(ख) राउरकेला इस्पात संयंत्र के संपूर्ण कार्य-निष्पादन का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने राउरकेला इस्पात संयंत्र के कार्य-निष्पादन के आकलन के संबंध में कोई अध्ययन कराया है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने राऊरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) में कच्चे इस्पात की क्षमता को 4.2 मिलियन टन प्रति वर्ष तक बढाने के लिए 14,240 करोड़ रुपए (सकल आधार पर) की अनुमानित लागत पर आधुनिकीकरण और विस्तार योजना (एमईपी) का कार्य शुरू किया है। फरवरी, 2021 तक 13,381 करोड़ रुपए (सकल आधार पर) का व्यय किया गया है।

(ख): गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आरएसपी में कच्चे इस्पात का उत्पादन निम्नवत् हैं:

(इकाई: हजार टन)

वित्तीय वर्ष	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21 (अप्रैल-फरवरी)**
कच्चे इस्पात का उत्पादन	3219	3660	3505	3139

गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आरएसपी का वित्तीय निष्पादन निम्नवत् है:-

(रुपए करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21 (दिसंबर, 2020 तक**
कारोबार (सकल)	12210	14510	11870	8992
सकल मार्जिन (ईबीआईडीटीए)	1120	2864	1137	1626
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)/हानि (-)	-180	1472	-409	602

(ग) और (घ): राऊरकेला इस्पात संयंत्र सहित इस्पात संयंत्रों/इकाइयों के कार्यनिष्पादन की सेल के बोर्ड स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा की जाती है।

****